18/08/2024

दूदू

रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पादों के साथ डिब्बा तौलने की प्रथा पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए दूदू जिले में 27 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन ने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग निदेशक एवं जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशानुसार 27 अगस्त तक विशेष अभियान के तहत निगरानी रखते हुए मिठाई, सूखे मेवे एवं बेकरी उत्पादों के साथ डिब्बा तौलते पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में जिला विधिक माप विज्ञान अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक का जांच दल गठित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

## होगी कार्रवाई

**जयपुर @ पत्रिका.** राखी और जन्माष्टमी त्योहार के मद्देनजर खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग रविवार से मिठाई के साथ डिब्बा तौलने, वजन में गड़बड़ी जैसी उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए 10 दिवसीय उपभोक्ता सुरक्षा अभियान शुरू कर रहा है।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायत राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन 18001803060 पर सुबह 9 से रात 9 बजे तक दर्ज करा सकते हैं। दर्ज शिकायत की जांच होगी और तीन घंटे में शिकायत का निवारण करते हुए संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव भास्कर ए. सावंत ने बताया कि उपभोक्ता के मूल अधिकारों में वस्तु

# कंज्यूमर केअर अभियान शुरू, तीन घंटे में होगा शिकायत का निराकरण

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। त्योहार में मिठाई के साथ डिब्बे तोलने और माप तौल में गड़बड़ी को रोकने के लेकर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार शनिवार से राज्य में कंज्यूमर केअर अभियान शुरू हो रहा है। अभियान उपभोक्ता मामले विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम चलाएगी। प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने बताया कि अभियान 17 से 27 अगस्त तक पूरे राज्य में चलाया जाएगा। शिकायत का निराकरण यथासंभव तीन घंटे में होगा। इसी क्रम में राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन 18001803060 भी सुबह नौ से रात नौ बजे तक काम करेगी।